भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1621**

**उत्तर देने की तारीख 05.12.2024**

## सकल घरेलू उत्पाद में एमएसएमई क्षेत्र का योगदान

1621.**श्री आलोक शर्मा:**
**श्री मुकेशकुमार चंद्रकांत दलाल:**
**श्री भर्तृहरि महताब:**
**श्री दामोदर अग्रवाल:**
**श्री जशुभाई भिलुभाई राठवा:**
**श्रीमती कमलेश जांगड़े:**
**श्री सुरेश कुमार कश्यप:**
**श्री प्रवीण पटेल:**
**श्री विजय बघेल:**
**श्री मुकेश राजपूत:**
**डॉ. राजेश मिश्रा:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार एक ऐसा वेब पोर्टल विकसित करने का है जहां सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभिन्न मंत्रालयों द्वारा चलाई जा रही एमएसएमई क्षेत्र संबंधी योजनाओं का ब्यौरा देख सकेंगे, यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) रोजगार सृजन और निर्यात संवर्धन में एमएसएमई क्षेत्र की क्या भूमिका है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान सकल घरेलू उत्पाद में एमएसएमई क्षेत्र का योगदान कितना रहा है

(घ) क्या इसने उद्यमियों को अर्थव्यवस्था में मजबूत आधार बनाने के लिए सशक्त बनाया है;

(ङ) अन्य निर्यातों की तुलना में एमएसएमई संबंधी उत्पादों के निर्यात की हिस्सेदारी में हुई वृद्धि का ब्यौरा क्या है;

(च) मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी पहलों की सफलता का ब्यौरा क्या है; और

(छ) छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में एमएसएमई क्षेत्र के अंतर्गत अब तक कितने घरेलू उत्पादों का निर्माण किया जा रहा है?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

**(क)** एमएसएमई मंत्रालय एक वेब पोर्टल (My MSME link -www.my.msme.gov.in) का प्रचालन करता है, जिस पर एमएसएमई क्षेत्र से संबंधित सरकारी स्कीमों और सेवाओं से संबंधित विस्तृत सूचना प्रदान की जाती है। इसमें एमएसएमई मंत्रालय के साथ-साथ अन्य केंद्रीय मंत्रालयों के कार्यक्रमों और पेशकशों से संबंधित सूचना उपलब्ध है। वेब पोर्टल के माध्यम से सुलभ एमएसएमई से संबंधित सरकारी स्कीमों की सूची **अनुबंध-I** में दी गई है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने एमएसएमई इकाइयों के पंजीकरण के लिए उद्यम पोर्टल विकसित किया है। इसे वस्तु और सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन), व्यापार प्राप्य इलेक्ट्रॉनिक छूट प्रणाली (ट्रेड्स) मंच, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) डेटाबेस, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम), राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल तथा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) प्रणाली से सत्यापन इत्यादि के साथ एकीकृत किया गया है।

**(ख) से (ङ):** एमएसएमई विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा एमएसएमई उद्यमशीलता को बढ़ावा देता है और तुलनात्मक रूप से कम पूंजी लागत पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित करता है। एमएसएमई देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में भी प्रमुख योगदानकर्ता हैं। दिनांक 01.07.2020 को एमएसएमई की नई व्याख्या को अपनाने के बाद, एमएसएमई के लिए उद्यम पंजीकरण पोर्टल और उद्यम सहायता पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। अब तक, 23.30 करोड़ से अधिक व्यक्तियों को स्व-घोषित रोजगार के साथ 5.53 करोड़ से अधिक एमएसएमई डिजिटल रूप से पंजीकृत किए गए हैं। वर्ष 2020-23 के दौरान, 2.3 लाख सूक्ष्म उद्यमों को लघु उद्यमों में उन्नत किया गया, 29,847 सूक्ष्म और लघु को मध्यम उद्यमों में उन्नत किया गया तथा 3,610 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बड़े उद्यमों में उन्नत किया गया।

वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और प्रत्यक्ष व्यापार-से-उपभोक्ता तथा व्यापार-से-व्यापार व्यवस्था के माध्यम से निर्यात को बढ़ावा देने में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 तक अखिल भारतीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) का हिस्सा और वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24 तक अखिल भारतीय निर्यात में विनिर्दिष्ट एमएसएमई के निर्यात का हिस्सा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

**(च):** एमएसएमई मंत्रालय विभिन्न प्रोत्साहन कार्यक्रमों/स्कीमों का कार्यान्वयन करता है, जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं:

- **उद्यम पोर्टल (https://udyamregistration.gov.in)-** उद्यम पंजीकरण भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक निःशुल्क, ऑनलाइन पहल है जो एमएसएमई को पंजीकृत करने और वर्गीकृत होने में सहायता करती है। अब तक, 5.5 करोड़ से अधिक एमएसएमई डिजिटल रूप से पंजीकृत हो चुके हैं।
- **प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी):** पीएमईजीपी एमएसएमई मंत्रालय द्वारा प्रशासित एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य नए स्वरोजगार उद्यमों/परियोजनाओं/सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित करना है।
- **पीएम विश्वकर्मा (पीएमवी) स्कीम:** भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक नई पहल (केंद्रीय बजट 2023-24 के एक भाग के रूप में) का उद्देश्य परंपरागत कारीगरों और शिल्पकारों को पहचान दिलाना और उनकी सहायता करना है, ताकि उनकी क्षमता, उत्पादकता और उत्पादों एवं सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए उन्हें बेहतर और आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जा सकें। अब तक 2.6 करोड़ से अधिक आवेदन जमा किए जा चुके हैं और 25.28 लाख से अधिक आवेदकों ने सफलतापूर्वक पंजीकरण कराया है।
- **सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी ट्रस्ट फंड (सीजीटीएसएमई):** सीजीटीएसएमई सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) में उधारग्राहियों को ऋणदाता संस्थाओं द्वारा दी जाने वाली ऋण सुविधाओं के संबंध में गारंटी प्रदान करने के लिए एमएसएमई मंत्रालय द्वारा प्रशासित एक स्कीम है।
- **चैंपियंस पोर्टल:** चैंपियंस पोर्टल (www.champions.gov.in) 11 क्षेत्रीय भाषाओं में भौतिक और डिजिटल माध्यमों से सूचना और शिकायत निवारण, पथ प्रदर्शन सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करता है। अब तक 1.14 लाख से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं और उनमें से 1.13 लाख से अधिक का उत्तर दिया जा चुका है।

**(छ):** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में एमएसएमई क्षेत्र के अंतर्गत कुल 132 घरेलू उत्पादों का विनिर्माण किया जा रहा है।

***

**अनुबंध-I**

(दिनांक 05.12.2024 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1621 के भाग (क) के संदर्भ में उल्लिखित अनुबंध)

**माई एमएसएमई वेब पोर्टल (https://my.msme.gov.in) के माध्यम से एमएसएमई से संबंधित सरकारी स्कीमों की सूची:**

| क्र.सं. | | स्कीम/पोर्टल का नाम | लिंक |
|---|---|---|---|
| क. | माई एमएसएमई | | |
| | 1. | उद्यम पंजीकरण | https://udyamregistration.gov.in |
| | 2. | इंक्यूबेशन स्कीम | https://my.msme.gov.in/inc/ |
| | 3. | एमएसएमई समाधान | https://samadhaan.msme.gov.in/ |
| | 4. | एमएसएमई संबंध | https://sambandh.msme.gov.in/ |
| | 5. | ऋण संबद्ध पूंजीगत सब्सिडी स्कीम | https://clcss.dcmsme.gov.in/ |
| | 6. | क्लस्टर विकास कार्यक्रम | https://cluster.dcmsme.gov.in/ |
| | 7. | एमएसएमई नवपरिवर्तन (डिजाइन) | https://innovative.msme.gov.in/Home/IprIndex |
| | 8. | खरीद और विपणन सहायता स्कीम | https://my.msme.gov.in/MyMsme/Reg/COM_Matu.aspx |
| | 9. | बौद्धिक संपदा अधिकार | https://innovative.msme.gov.in/ |
| | 10. | परंपरागत उद्योगों के पुनर्सृजन हेतु निधि स्कीम (स्फूर्ति) | https://sfurti.msme.gov.in/ |
| | 11. | एमएसएमई परीक्षण केंद्र | https://tc.dcmsme.gov.in/TestingCenter/index.aspx |
| | 12. | अंतर्राष्ट्रीय सहयोग | https://ic.msme.gov.in/IC_APP/IC_Welcome.aspx |
| | 13. | शिकायत निगरानी प्रणाली | https://champions.gov.in/Government-India/ |
| | 14. | एमएसएमई डेटाबैंक | https://www.msmedatabank.in/ |
| | 15. | आकांक्षी जिला | https://my.msme.gov.in/MyMsme/LdapLogin.aspx |
| | 16. | जीरो डिफ़ेक्ट जीरो इफेक्ट | www.zed.msme.gov.in |
| | 17. | बी2बी पोर्टल | https://www.msmemart.com/ |
| | 18. | ऋण गारंटी (सीजीटीएमएसई) | https://www.cgtmse.in/ |
| | 19. | प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) | https://www.kviconline.gov.in/pmegpeportal/ |
| | 20. | नवपरिवर्तन, ग्रामीण उद्योग और उद्यमिता संवर्धन स्कीम (एस्पायर) | https://aspire.msme.gov.in/ |
| | 21. | एमएसएमई परियोजना प्रोफाइल | https://my.msme.gov.in/MyMsmeMob/ MsmeProjectProfile/Home.htm |
| | 22. | एटीआई स्कीम | https://ati.msme.gov.in/ATI/home.aspx |
| | 23. | टूल रूम - एसडीएमआईएस | https://ab.dcmsme.gov.in/ |
| | 24. | ईएसडीपी स्कीम | https://msmedi.dcmsme.gov.in/ |
| | 25. | पीएम विश्वकर्मा | https://pmvishwakarma.gov.in |
| ख. | ट्रेड कनेक्ट पोर्टल | | https://www.trade.gov.in |
| ग. | विदेश व्यापार महानिदेशालय पोर्टल | | www.dgft.gov.in |
| घ. | व्यापार प्राप्य इ-छूट प्रणाली (ट्रेड्स) | | TReDS Platforms |
| ङ. | गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस जेम | | https://gem.gov.in/ |
| च. | वस्तु और सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) | | https://www.gstn.org.in/ |
| छ. | राष्ट्रीय कैरियर सेवा | | https://www.ncs.gov.in/ |
| ज. | राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी) | | https://www.nsic.co.in/ |
| झ. | आय कर भारत | | https://www.incometax.gov.in/iec/foportal/ |
| ञ. | पीएम स्वनिधि | | https://pmsvanidhi.mohua.gov.in |
| ट. | स्टैंड-अप इंडिया | | https://www.standupmitra.in |
| ठ. | ई श्रम | | https://eshram.gov.in |
| ड. | पीएम सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारीकरण | | https://pmfme.mofpi.gov.in |
| ढ. | नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्लूएस) | | https://www.nsws.gov.in |

**अनुबंध-II**

दिनांक 05.12.2024 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1621 के भाग (ख) से (ङ) के उत्तर के संदर्भ में उल्लिखित अनुबंध

**वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 तक अखिल भारतीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) का हिस्सा:**

| वर्ष | अखिल भारतीय सकल घरेलू उत्पाद में एमएसएमई जीवीए का हिस्सा (% में) |
|---|---|
| 2018-19 | 30.5 |
| 2019-20 | 30.5 |
| 2020-21 | 27.3 |
| 2021-22 | 29.6 |
| 2022-23 | 30.1 |

(स्रोत: पीआईबी विज्ञप्ति आईडी -2035073, दिनांक 22 जुलाई, 2024)

**वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24 तक अखिल भारतीय निर्यात में एमएसएमई विनिर्दिष्ट उत्पादों के निर्यात का हिस्सा:**

| वर्ष | अखिल भारतीय सकल घरेलू उत्पाद में एमएसएमई जीवीए का हिस्सा (% में) |
|---|---|
| 2019-20 | 49.75 % |
| 2020-21 | 49.35% |
| 2021-22 | 45.03% |
| 2022-23 | 43.59% |
| 2023-24 | 45.73% |

(स्रोत: पीआईबी विज्ञप्ति आईडी -2035073, दिनांक 22 जुलाई, 2024)